Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 214 रायपुर, गुरुवार 27 अगस्त 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## एमपी में छत्तीसगढ़ की 3 बच्चियों की फूड पॉइजनिंग से हुई मौत

### जांजगीर-चांपा की थीं रहने वाली





**जांजगीर, 27 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ की तीन मासूम बच्चियों की उल्टी-दस्त से मौत ने सनसनी फैला दी है। मूल रूप से जांजगीर-चांपा की रहने वाली तीनों बच्चियां एक ही परिवार की थीं और इंदौर के बेटमा थाना क्षेत्र* में रहती थीं। रात में खाना खाने के बाद तबीयत बिगड़ी और दो ने इंदौर में और तीसरी ने इटारसी में दम तोड़ दिया। बच्चियों की मां अमरोतिन ने बताया- रात करीब 2 बजे परिवार ने दाल, चावल, रोटी और सब्जी खाई थी। इसके बाद सभी को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। पिता नरेंद्र सिंह पीथमपुर की रुञ्ज कंपनी में नौकरी करते हैं। तीनों बेटियों की उम्र 10 साल, 8 साल और 5 साल बताई जा रही है।

तबीयत बिगड़ने पर दो बच्चियों को बाइक से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शवों को एंबुलेंस से पैतृक गांव जांजगीर ले जा रहे थे, तभी तीसरी बेटी की तबीयत एंबुलेंस में ही बिगड़ गई। उसे इटारसी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इंदौर के अस्पताल में दोनों बच्चियों के शव बिना पोस्टमार्टम के ही सौंप दिए गए। इटारसी थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया- तीनों बच्चियों का पोस्टमार्टम गुरुवार को इटारसी अस्पताल में किया जाएगा। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम और बिसरा रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगी। पुलिस ने फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई है, क्योंकि एक साथ खाना खाने के तुरंत बाद तीनों की तबीयत बिगड़ी। क्या खाने में जहर था या पानी दूषित था, जांच जारी है।

## नेपाल-चीन में 1500 के करीब लोग लापता: इनमें बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक शामिल, मृतकों का आंकड़ा 175 हुआ



**नई दिल्ली, 27 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** नेपाल त्रासदी की भयावहता कितनी बड़ी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें नेपाल और चीन में 1500 के करीब लोग लापता हैं। जिनमें तिब्बत में 588 लोगों के लापता होने की जानकारी सामने आई है। वहीं नेपाल सरकार ने कहा है कि उनके वहां 800 से ज्यादा लोग लापता हैं, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक शामिल हैं।

नेपाल के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का कहना है कि अचानक आई बाढ़ के बाद 826 लोग संपर्क से बाहर हैं। इनमें 579 पर्यटक शामिल हैं। लापता लोगों में नेपाली सशस्त्र बलों के 85 जवान भी शामिल हैं। वहीं विभिन्न हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट में काम कर रहे 162 स्टाफ सदस्यों के बारे में भी कुछ पता नहीं चल सका है। नेपाल सरकार ने कहा कि विदेशी नागरिकों सहित सैकड़ों लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। बुधवार देर शाम जारी एक बयान में, प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि नेपाल सेना के 44 जवान, विभिन्न पुलिस चौकियों पर तैनात नेपाल पुलिस के 28 जवान और आपदा ग्रस्त क्षेत्र में तैनात 13 सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के जवानों से संपर्क नहीं हो पाया है। वहीं नेपाल विदेश मंत्रालय ने 300 से ज्यादा भारतीयों के लापता होने की पुष्टि की है।

तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने नेपाल के रसुवा इलाके और तिब्बत के कीरोंग में आई विनाशकारी बाढ़ से हुई जनहानि पर दुख जताया है। गुरुवार को उन्होंने एक बयान जारी कर अपनी भावनाएं व्यक्त की। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता ने एक बयान में कहा, नेपाल के रसुवा क्षेत्र और तिब्बत के कीरोंग में विनाशकारी बाढ़ के बारे में जानकर मुझे दुख हुआ है। इस आपदा की वजह से कई लोगों ने जान गंवाई और भारी नुकसान हुआ। मैं उन सभी लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं जिन्होंने अपनी जान गंवाई है, और शोक संतप्त और इस त्रासदी पीड़ित सभी लोगों के प्रति अपनी सहानुभूति और हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।%

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने एक बयान में साफ किया है कि नेपाल में आई तबाही का कारण भूकंप नहीं था। गौरतलब है कि पहले ऐसा कहा जा रहा था कि भूकंप के चलते तिब्बत में ग्लेशियर टूटा, जिससे नेपाल-चीन में अचानक बाढ़ आई। हालांकि अब यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने साफ कर दिया है कि भूकंप नहीं आया था। ग्लेशियर के टूटने से भूकंप जैसे झटके महसूस हुए। ग्लेशियर टूटने से जो भूकंपीय कंपन हुई, उसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गई है।

## खेत में गिरा विमान, दो पायलट की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली, 27 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** कानपुर में एक खेत में दो इंजन वाला चार सीटों वाला ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार, इंस्ट्रक्टर पायलट और ट्रेनी पायलट की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। यह विमान गर्ग एविएशन कंपनी का है, जो नागरिक हवाई अड्डे से फ्लाइंग स्कूल संचालित करती है। घटना के तुरंत बाद अधिकारी और आपातकालीन टीमें दुर्घटना स्थल पर पहुँचे। दुर्घटना का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। जांच से यह पता चलने की उम्मीद है कि क्या गड़बड़ी हुई थी, जिसके कारण खेत में गिरने से पहले विमान पर से नियंत्रण खो गया। जानकारी के मुताबिक विमान ने सुबह करीब 11ः20 बजे कानपुर कैंट क्षेत्र से उड़ान भरी थी। बताया जा रहा है कि विमान चार सीटर था और ट्रेनिंग उड़ान पर था। विमान के जमीन पर गिरते ही तेज आवाज हुई और आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।




## ब्रेकिंग न्यूज

### कल रक्षा बंधन, चंद्र ग्रहण सुबह 6 बजकर 53 मिनट से शुरू, समापन दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर होगा

**नई दिल्ली, 27 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** 28 अगस्त 2026 को देशभर में रक्षाबंधन का पावन त्योहार मनाया जा रहा है। भाई-बहन के प्रेम को समर्पित यह पर्व कई शुभ संयोगों के बीच रहेगा। लेकिन इसी दिन साल का आखिरी चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है। हिंदू धर्म में ग्रहण को अशुभ काल माना जाता है। इस अवधि में राखी बांधने से लेकर पूजा-पाठ करने तक के शुभ कार्यों को करने से बचने की मान्यता है। ऐसे में रक्षाबंधन पर लगने जा रहे इस ग्रहण को लेकर यह जानना जरूरी हो गया है कि क्या इस चंद्र ग्रहण का असर भारत में पड़ेगा? क्या ग्रहण के कारण राखी बांधने के समय में कोई बदलाव करना होगा? आइए, इसके बारे में विस्तार से जानते हैं। इस साल 28 अगस्त 2026, शुक्रवार को रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। इस दिन चंद्र ग्रहण सुबह 6 बजकर 53 मिनट से शुरू होगा। ग्रहण का समापन दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर होगा।

### छत्तीसगढ़ में यूसीसी को लेकर आज अहम बैठक, 200 प्रबुद्ध नागरिक और विशेषज्ञ होंगे शामिल

**रायपुर, 27 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में राज्य सरकार की कवायद तेज हो गई है। यूसीसी के प्रावधानों और उसके सामाजिक प्रभावों पर चर्चा के लिए आज रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की मौजूदगी में होगी। इसमें करीब 200 प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य समान नागरिक संहिता के संभावित प्रावधानों पर व्यापक मंथन करना और अलग-अलग वर्गों से सुझाव हासिल करना है। बैठक में समान नागरिक संहिता के प्रावधानों के साथ-साथ इसके सामाजिक प्रभावों पर भी चर्चा की जाएगी। विशेषज्ञ कानून के व्यावहारिक पहलुओं और इसके संभावित क्रियान्वयन को लेकर अपनी राय रखेंगे।




चूहा- सुनती हो, कल 'रक्षाबंधन' में शक्कर मंहगी होने से मिठाई मंहगी हो गई है..!
चुहिया- हां जी, लेकिन भाई-बहन का प्यार तो मिठाई से ज्यादा मीठा होता है..!

## धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़: शिव-हनुमान और साईं बाबा की प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त, इलाके में भारी पुलिस बल तैनात

**रायपुर, 27 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थोक मार्केट पड़ाव स्थित धार्मिक स्थल में गुरुवार सुबह तोड़फोड़ की घटना सामने आई है, जिसके बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। इसको देखते हुए इलाके में भारी पुलिसबल तैनात किया गया है। दरअसल, मंदिर परिसर में स्थापित साईं बाबा, हनुमान और शिव की प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त मिलीं। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। कार्यकर्ताओं के पहुंचने के बाद पुलिस ने स्थिति को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रतिमाओं को किसने और किन परिस्थितियों में क्षतिग्रस्त किया, इसका पता लगाने के लिए आसपास के क्षेत्र में पूछताछ और अन्य माध्यमों से जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



## हाईकोर्ट का फैसला: विधवा सौतेली मां को मिलेगा 9 हजार मासिक भरण-पोषण, तीनों बेटों को देने होंगे 3-3 हजार रुपए


**बिलासपुर, 27 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** हाईकोर्ट ने कहा है कि निःसंतान और असहाय सौतेली मां को केवल सौतेली मां होने के आधार पर भरण-पोषण से वंचित नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट का आदेश निरस्त करते हुए 77 वर्षीय विधवा महिला को उसके तीन सौतेले बेटों से हर माह कुल 9 हजार रुपये भरण-पोषण दिलाने का आदेश दिया है, जिसमें प्रत्येक बेटे को तीन-तीन हजार रुपये प्रतिमाह देने होंगे, जिसका भुगतान सितंबर 2026 से शुरू होगा। दरअसल, महिला ने फैमिली कोर्ट में तीनों सौतेले बेटों से हर माह 20 हजार भरण-पोषण की मांग की थी। उसका कहना था कि पति की मृत्यु के बाद बेटों ने उसकी देखभाल बंद कर दी। दावा किया कि उसने अपने स्त्रीधन और पैतृक संपत्ति से कृषि भूमि खरीदी थी, लेकिन उसे आय में कोई हिस्सा नहीं दिया जा रहा था। फैमिली कोर्ट ने इस आधार पर याचिका खारिज कर दी थी कि संबंधित युवक उसके सौतेले बेटे हैं। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कीर्तिकांत डी. वडोदिया बनाम गुजरात राज्य के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि निःसंतान सौतेली मां, यदि विधवा है और स्वयं का भरण-पोषण करने में सक्षम नहीं है तो परिस्थितियों के अनुसार सौतेले बेटों से भरण-पोषण मांग सकती है।

## आंध्र प्रदेश में सड़क हादसा 7 की मौत, आठ घायल

**नई दिल्ली, 27 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** आंध्र प्रदेश के पलनाडू जिले में गुरुवार तड़के एक प्राइवेट बस और ऑटो-रिक्शा की टक्कर हुई। इसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। वहीं, आठ अन्य घायल हो गए। मरने वालों में छह महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि यह हादसा पलनाडू जिले के चिलकालूरिपेट में अड्डा रोड के पास हुआ। विजयवाड़ा से तिरुपति जा रही प्राइवेट बस ने ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। ऑटो-रिक्शा में तकरीबन 15 लोग सवार थे। उनमें से सात लोगों की मौत हो गई। चार बच्चों समेत आठ अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को गुंटूर के सरकारी जनरल अस्पताल और चिलकलुरिपेट सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान बोंटू बाबू (62), बोंटू मानेम्मा (55), संपूर्णम्मा (70), गंगम्मा (50), लक्ष्मम्मा (75), चौतुपल्ली स्वार्थम्मा (45) और मारियम्मा (45) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित चिलकलुरिपेट मंडल के वेलुरु गांव के रहने वाले थे। वे प्रकाशम जिले के कोंडामांजुलुर में एक जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे थे।

## रक्षाबंधन पर जेल में बंद भाइयों को राखी बांध सकेंगी बहनें

### सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक प्रवेश, दिशा-निर्देश जारी




**रायपुर, 27 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर केन्द्रीय जेल रायपुर में बंदियों को राखी बांधने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जेल प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 28 अगस्त 2026 को सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक केवल बहनों को ही बंदियों से मिलने और राखी बांधने के लिए जेल के भीतर प्रवेश की अनुमति होगी।

मुलाकात के लिए आने वाली बहनों के पास वैध पहचान-पत्र होना आवश्यक है। गहन जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा। सुरक्षा कारणों से एक बंदी से मिलने और राखी बांधने के लिए अधिकतम 3 बहनों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बहनों को प्रति बंदी केवल 100 ग्राम मिठाई ले जाने की छूट होगी, जिसकी पहले जांच की जाएगी। मिठाई के अलावा अन्य कोई भी खाद्य पदार्थ पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मोबाइल, पर्स, नकदी और किसी भी प्रकार का कीमती सामान जेल के भीतर ले जाना सख्त मना है। जेल परिसर में इन्हें जमा कराने की कोई व्यवस्था नहीं होगी, इसलिए परिजनों को सलाह दी गई है कि वे ये सामान साथ न लाएं। सुरक्षा के दृष्टिगत जेल प्रवेश से पहले महिला कर्मचारियों द्वारा तीन स्तरों पर तलाशी ली जा सकती है। केन्द्रीय जेल अधीक्षक ने सभी परिजनों से व्यवस्था बनाए रखने और तलाशी प्रक्रिया में जेल प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

## बिलासपुर में मिले स्वाइन फ्लू के 7 मरीज, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट




**बिलासपुर, 27 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में स्वाइन फ्लू यानी एच1एन1 संक्रमण के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और सतर्कता बढ़ा दी है। जिले में अब तक 7 मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि होने की जानकारी सामने आई है। इनमें से 5 मरीज उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं 2 मरीजों का इलाज फिलहाल बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रबंधन दोनों मरीजों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मौजूदा स्थिति में सबसे अधिक ध्यान 75 वर्षीय महिला मरीज पर है। उन्हें उपचार के दौरान आईसीयू में रखा गया था, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार के बाद अब उन्हें आईसीयू से बाहर लाया गया है। डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। उम्र अधिक होने के कारण चिकित्सकीय टीम उनकी सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरत रही है।वहीं अस्पताल में भर्ती दूसरे मरीज की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। इस मरीज की ट्रैवल हिस्ट्री में रायपुर का उल्लेख सामने आया है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग संक्रमण के संभावित स्रोत और मरीज के संपर्क में आए लोगों से जुड़ी जानकारी पर भी नजर रख रहा है। हालांकि संक्रमण की पूरी कड़ी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की निगरानी जारी है।

बिलासपुर में एच1एन1 के मरीज सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जिले के स्वास्थ्य संस्थानों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों का फोकस ऐसे मरीजों की जल्द पहचान पर है, जिनमें स्वाइन फ्लू या इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। इसके लिए अस्पतालों से लेकर प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। सीआईएमएस, जिला अस्पताल, पीएचसी और सीएचसी स्तर पर संदिग्ध मरीजों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। स्वास्थ्य केंद्रों को निर्देश दिया गया है कि फ्लू जैसे लक्षणों वाले मरीजों को नजरअंदाज न किया जाए और जरूरत के अनुसार उनकी जांच तथा उपचार की प्रक्रिया शुरू की जाए। अब तक सामने आए 7 संक्रमित मरीजों में से 5 उपचार के बाद स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं। यह राहत की बात है कि अधिकांश मरीज उपचार के बाद ठीक हो गए हैं।

## सीमेंट पोल से वार कर महिला की हत्या, खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी

**रायपुर/आरंग, 27 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** राजधानी रायपुर से सटे मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम जुगेसर में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां 26 वर्षीय महिला की सीमेंट के खंभे (पोल) से सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। सुबह खून से लथपथ शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान जुगेसर निवासी बसंती निषाद (26 वर्ष) के रूप में हुई है। सुबह जब ग्रामीणों की नजर लहूलुहान शव पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल का मुआयना करने पर पुलिस को खून से सने सीमेंट के पोल के दो टुकड़े मिले। माना जा रहा है कि अज्ञात आरोपी ने बेहद नृशंसता से महिला के सिर पर पोल से ताबड़तोड़ वार किए और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही मंदिर हसौद पुलिस सहित आला अधिकारी, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे। क्राइम सीन को तुरंत सील कर दिया गया है। फॉरेंसिक टीम घटना स्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कर रही है। आरोपी का सुराग लगाने के लिए आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों और परिजनों से पूछताछ जारी है, ताकि हत्या के कारणों और आरोपी का पता लगाया जा सके। राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं, चाकूबाजी और हत्या के मामलों से आम जनता में भारी आक्रोश है। दिनदहाड़े और बेखौफ अंदाज में हो रही इस तरह की वारदातों ने पुलिस गश्त और सुरक्षा के दावों की पोल खोलकर रख दी है। पुलिस का दावा है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि, इस जघन्य हत्याकांड ने स्थानीय निवासियों में डर और नाराजगी दोनों बढ़ा दी है।